17 दिसंबर को होगी ग्रेट छत्तीसगढ़ रन मैराथन

चर्चा में क्यों?

11 सितंबर, 2023 को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हर वर्ष की तरह इस बार भी राजधानी के नवा रायपुर में 17 दिसंबर, 2023 को ग्रेट छत्तीसगढ़ रन मैराथन दौड़ का आयोजन होगा।

प्रमुख बिंदु

- कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने राजधानी रायपुर में आयोजित समारोह में इस मैराथन के लिये प्रतिभागियों के पंजीयन की शुरूआत की।
- मैराथन में चार वर्गों छह किलोमीटर, दस किलोमीटर, 21 किलोमीटर और 42 किलोमीटर में आयोजित होगी।
- इस बार मैराथन छत्तीसगढ़ में मिलने वाले पक्षियों की थीम पर केंद्रित होगी। इस मैराथन में साढ़े तीन हज़ार से अधिक धावकों के शामिल होने की उम्मीद है।
- मैराथन का आयोजन लेट्स रन संस्था द्वारा ज़िला प्रशासन के सहयोग से किया जाएगा। लेट्स रन संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ में पिछले सात सालों से लगातार ऐसी मैराथन का आयोजन उत्साह और जोश के साथ किया जा रहा है। इस बार मैराथन का यह आठवाँ संस्करण होगा।
- संस्था लेट्स रन व्यवसायिक धावकों ही नहीं बल्कि दौड़ से जुड़े समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों का समूह है। दौड़ से शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने का विश्वास करने वाले हर वर्ग और उम्र के लोग इस संस्थान से जुड़े है और वर्ष में तीन-चार ऐसी छोटी-बड़ी मैराथन दौड़ों का आयोजन कराते रहते हैं।
- संस्था के डायरेक्टर डॉ. विनिय तिवारी ने बताया कि हर साल ग्रेट छत्तीसगढ़ रन राज्य की एक विशेषता को थीम बनाकर आयोजित की जाती है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ में मिलने वाले पक्षियों (चिड़ियों) को थीम के रूप में चिन्हांकित किया गया है।
- उन्होंने यह भी बताया कि इस मैराथन दौड़ से पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजगता और छत्तीसगढ़ की जैवविविधता को बचाने के लिये सामूहिक प्रयास का संदेश भी दिया जाएगा।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/great-chhattisgarh-run-marathon-will-be-held-on-17th-december